महापौर ने गौहरी रेंज में पौधारोपण करते हुए।



# हमारा दून

## संक्षिप्त समाचार

### उत्तराखंड में कोरोना के 11 नए मामले, 58 मरीज हुए ठीक

**संवाददाता** देहरादून। उत्तराखंड में कोरोना के मामले कम होने लगे हैं। शुक्रवार को प्रदेश में कोरोना संक्रमण के 11 नए मामले आए हैं। वहीं 58 मरीज ठीक भी हुए हैं। अब तक राज्य में 341640 लोग संक्रमित मिले हैं। इनमें से 327664 (95.91 फीसद) लोग स्वस्थ्य हो चुके हैं। फिलवक्त कोरोना के 606 सक्रिय मामले हैं। कोरोना संक्रमित 7359 मरीजों की मौत भी अब तक हो चुकी है।

### उत्तराखंड विकास मंच ने पेयजल की दरों में वृद्धि के खिलाफ रखा उपवास

**संवाददाता** ऋषिकेश। उत्तराखंड विकास मंच ने पेयजल की दरों में बढ़ोतरी के विरोध में जल संस्थान कार्यालय परिसर ऋषिकेश के समक्ष धरना देकर उपवास रखा। मंच के अध्यक्ष आशुतोष शर्मा ने कहा के उत्तराखंड प्राकृतिक संसाधनों की दृष्टि से बहुत ही संपन्न है। ऐसे में जल जंगल और जमीन पर सबसे पहला अधिकार स्थानीय वासियों का है। उत्तराखंड विकास मंच की ओर से शुक्रवार की सुबह दस बजे से दोपहर एक बजे तक जल संस्थान कार्यालय के समक्ष धरना देकर उपवास किया गया। मंच के अध्यक्ष आशुतोष शर्मा ने कहा पेयजल में हो रही प्रतिवर्ष 15 प्रतिशत के वृद्धि आम उपभोक्ताओं पर कोरोना काल में बहुत ही कष्ट कारक है।

### 25 से शुरू होगा दस दिवसीय शिविर

**संवाददाता** देहरादून। उत्तराखंड के युवा क्रिकेटरों को इंडिया–ए के पूर्व मुख्य कोच सितांशु कोटक क्रिकेट के गुर सिखाएंगे। बीसीसीआइ के लेवल–3 कोच सितांशु दस दिवसीय शिविर में प्रदेश के युवा खिलाड़ियों को प्रशिक्षण देने के लिए उत्तराखंड आएंगे। दूसरी तरफ सीएयू 29 जुलाई से महिला वर्ग में सभी आयु वर्गो के लिए राज्य स्तरीय ट्रायल व शिविर आयोजित करने जा रही है। सीएयू आगामी 25 जुलाई से तनुष क्रिकेट एकेडमी में पुरुष वर्ग के लिए दस दिवसीय प्रशिक्षण शिविर आयोजित करने जा रही है।

### अंडर आर्मर ने भारत की दून वैली, दून में प्रवेश किया

**संवाददाता** देहरादून। अत्याधुनिक एथलेटिक परफॉर्मेंस अपरेल, फुटवियर एवं एक्सेसरीज के अग्रणी इन्वेंटर, मार्केटर एवं वितरक, अंडर आर्मर ने दून, उत्तराखंड के पैसिफिक मॉल में अपना पहला फ्लैगशिप ब्रांड हाउस खोला है। भारत में तीव्र विस्तार जारी रखते हुए यह ब्रांड 22 स्टोर्स के साथ 16 शहरों में प्रत्यक्ष रूप से मौजूद है। उत्तराखंड में अपने पहले रिटेल स्थल के साथ अंडर आर्मर स्पोर्ट्स एवं फिटनेस प्रेमियों तथा देहरादून एवं आस–पास के इलाकों में स्थित लोगों को सेवाएं देगा।

# विकास के पायदान पर देश में पहले नंबर पर होगा उत्तराखंड

## अभिवादन रैली

■ राज्य में तेजी से बिजली, उद्योग व पर्यटन को बढ़ावा दिया जाएगाः मुख्यमंत्री

**संवाददाता**

देहरादून/रुद्रपुर। सीएम पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि विकास के मामले में उत्तराखंड को देश का नंबर वन राज्य बनाएंगे। राज्य में तेजी से बिजली, उद्योग व पर्यटन को बढ़ावा दिया जाएगा। इससे न केवल युवाओं को रोजगार मिलेगा, बल्कि राजस्व में भी इजाफा होगा। कहा कि उद्योग को बढ़ावा देने के लिए कार्ययोजना तैयार की जा रही है।

सीएम बनने के बाद पहली बार धामी के गृह जनपद में देहरादून से पंतनगर एयरपोर्ट पहुंचे। यहां से विवि के एनेक्सी अतिथि गृह में विश्राम करने के बाद कार से रुद्रपुर गांधी पार्क पहुंचे। जहां पर सीएम ने छोटे ट्रक में खड़े होकर अभिवादन रैली निकाली। रैली में सवार कार्यकर्ताओं के साथ सीएम



अग्रसेन चौक, गावा चौक से काशीपुर बाइपास होते हुए पार्टी कार्यालय पहुंचे। जहां पर कार्यकर्ताओं ने सीएम का फूल मालाओं से जोरदार स्वागत किया। सीएम ने कहा कि राज्य में 22 हजार करोड़ रुपये स्वीकृत हुए हैं। इससे राज्य के हाईवे बनेंगे और विकास कार्य होंगे। भाजपा सरकार ने जितने भी शिलान्यास हुए हैं, उन सभी का लोकार्पण करना है।

टनकपुर से बागेश्वर तक नैनोगेज के लिए सर्वे किया गया था, उसे ब्राडगेज के लिए सर्वे कराया जाएगा। कह कि आजादी के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जो कार्य सात साल में किए हैं, वह बाकी वर्षों में किए गए कार्यों पर भारी है। नजूल भूमि पर मालिकाना हक व बाजपुर में 20 गांव के मामले का सामधान किया जाएगा। जसपुर से सुल्तानपुरपट्टी तक सड़क निर्माण के लिए 40 करोड़ रुपये मिले हैं। 2340 रिक्त पदों को भरने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। उन्होंने युवाओं में जोश भरा कि मिशन 2022 फतह करने के लिए कार्यकर्ता अभी से एकजुट हो जाएं। सभी कार्यकर्ता हैं और सभी कार्यकर्ता को काम मिले। कहा कि जल्द वात्सल्य योजना लांच किया जाएगा। विधायक राजकुमार ठुकराल ने सीएम को तलवार भेंट किया।

इस मौके पर जिला प्रभारी मंत्री स्वामी यतीश्वरानंद, परिवहन मंत्री यशपाल आर्य, शिक्षा मंत्री अरविंद पांडेय, रुद्रपुर विधायक राजकुमार ठुकराल, किच्छा विधायक राजेश शुक्ला, नानकमत्ता विधायक प्रेम सिंह राणा, काशीपुर के विधायक हरभजन सिंह चीमा, भाजपा जिलाध्यक्ष शिव अरोरा, राजेंद्र बिष्ट, काशीपुर की मेयर ऊषा चौधरी, आशीष गुप्ता, भारत भूषण चुघ, विपिन जल्होत्रा, पूर्व सांसद बलराज पासी, गुरविंदर सिंह चंडोक आदि मौजूद थे।

### भावुक हो गए सीएम

कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए सीएम धामी भावुक हो गए। उन्होंने कहा कि माथे पर जो लकीरें लिखी हैं, उसे कोई नहीं मिटा सकता। जब वह वर्ष, 2017 में विधायक बने तो लगा कि वह मंत्रिमंडल में उन्हें जगह मिलेगी, मगर नहीं मिली। इसके बाद जब प्रदेश अध्यक्ष की बारी आई तो उम्मीद जगी कि वह प्रदेश अध्यक्ष बन जाएंगे,मगर ऐसा नहीं हुआ। अब संगठन ने मुझे राज्य का मुख्य सेवक बना दिया है।

### चेहरा दिखाने में धक्का मुक्की

गांधी पार्क के पास आंबेडकर पार्क में सीएम का स्वागत कार्यक्रम था। मंच पर परिवहन मंत्री यशपाल आर्य सहित कई नेता स्वागत के लिए इंतजार कर रहे थे। सीएम पंतनगर से कार से पूर्वाह्न 11 बजकर 50 मिनट पर गांधी पार्क पहुंचे तो कार्यकर्ता उनके स्वागत के लिए उमड़ पड़े। हालात हो गई कि धक्का मुक्की होने लगी।

# सभी प्रकार की प्राथमिक इलाज की सुविधा दी जायेगी

## निर्देश

■ चिकित्सालयों को अपग्रेड करते हुए उपकरण, मानव संसाधन की व्यवस्था की जायेगी

**संवाददाता**

देहरादून। प्रदेश के आयुष मंत्री डॉ. हरक सिंह रावत ने विधान सभा कक्ष में आयुष विभाग की समीक्षा बैठक की। मंत्री ने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिये कि प्रदेश में ग्रामीण एवं दूरस्थ क्षेत्र में स्वास्थ्य सुविधाओं में सुधार के लिए और कोविड–19 वैश्विक महामारी संक्रमण की तीसरी लहर को रोकने के लिए स्वास्थ्य सेवाओं से सम्बधित आधारभूत संरचना मजबूत किया



जाय। इस सम्बन्ध में न्यूनतम खर्च और बेहतर सुविधा के सिद्धान्त पर कार्य किया जाय। यह प्रस्ताव कैबिनेट में लाया जायेगा।

बैठक में निर्देश दिया गया कि ऐसे स्थान जहाँ एलोपैथिक चिकित्सालय नही है किन्तु आयुर्वेदिक चिकित्सालय है, इनमें 24 घण्टे स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान किया जाय। इन चिकित्सालयों में आक्सीजन बेड सिलेण्डर सहित सभी प्रकार की प्राथमिक इलाज की सुविधा दी जायेगी।

प्रदेश में 429 अन्तरंग आयुर्वेदिक चिकित्सालय है जिनमें 158 आयुर्वेदिक चिकित्सालय को इस उद्देश्य से अपग्रेड करने की योजना है। इन चिकित्सालयों में बेड की क्षमता 4 से बढाकर 10 किया जायेगा। ऐसे आयुर्वेदिक चिकित्सालय जिनके पास भवन तो है परन्तु उपकरण और मानव संसाधन का अभाव है, इसके चलते उक्त चिकित्सालयों को समुचित उपयोग नही किया जा रहा है, उक्त चिकित्सालयों को अपग्रेड करते हुए उपकरण, मानव संसाधन की व्यवस्था की जायेगी।

इस अवसर पर आयुष सचिव चन्द्रेश यादव, सचिव वित्त वी षणमुगम, अपर सचिव चिकित्सा अरुणेन्द्र चौहान, अपर सचिव वित्त अमिता जोशी, निदेशक आयुर्वेदिक एमपी सिंह, उप सचिव आयुष गजेन्द्र सिंह कफलिया सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

### वृक्ष जीवन का आधार, इनका संरक्षण बेहद जरूरी

**संवाददाता** ऋषिकेश। नगर निगम महापौर अनीता ममगाईं ने कहा कि पेड़ों के अंधाधुंध कटान होने की वजह से देश ही नहीं दुनिया भर में पर्यावरण पर संकट मंडराने लगा है। हरित प्रदेश उत्तराखंड भी इसी गंभीर समस्या की चपेट में है। इस चुनौती से निपटने का एकमात्र उपाय पौधारोपण है। शुक्रवार को हरेला महोत्सव के तहत राजाजी टाइगर रिजर्व की गौहरी रेंज के अंतर्गत कुनाऊ विश्राम गृह में आयोजित पौधारोपण कार्यक्रम में विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाए गए। कार्यक्रम में नगर निगम महापौर अनीता ममगाईं ने कहा कि निरंतर प्रदूषित हो रहे वातावरण को पौधे लगाकर सुरक्षित किया जा सकता है। वृक्ष मनुष्य के जीवन का आधार हैं। हमें उनका संरक्षण अपने बच्चों की तरह करना चाहिए। पर्यावरण और वनों के संरक्षण के लिए सिर्फ सरकारी प्रयास ही काफी नहीं है।

In a Digital World Why
To wait for a Howker
Visit Us at http://app.page3news.co.in
Supporting Devices
All Apple Touch Phones & Tablets
All Android Touch Phones & Tablets
All Window & BlackBerry Touch Phones 10+



Scan This Code
Read News
Watch News Channel

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
प्रदीप चौधरी
द्वारा
एल.के. प्रिंटर्स,74/9,आराघर,देहरादून से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड, पी.ओ.-राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
संपादकः प्रदीप चौधरी

सिटी कार्यालयः
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल
दर्शनलाल चौक, देहरादून।

(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।